तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 25 अगस्त 2025

12 महिलाओं के अखंड सुहाग और सौभाग्य का प्रतीक ...



12 विकासखंड से प्रतिभागी छात्रों के ऑनलाइन पंजीयन ...





## खबर संक्षेप

### प्राणघातक हमले में एक घायल

**महासमुंद।** ग्राम भंवरपुर में एक व्यक्ति पर प्राणघातक हमला कर घायल करने के मामले में आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म किया गया है। पुलिस ने बताया कि भंवरपुर को देवेंद्र देवांगन पिता नंदलाल देवांगन ने एफआईआर दर्ज कराई है कि 22 अगस्त की रात करीब 7:30 बजे उसके पिता नंदलाल देवांगन को घूमने जाने के नाम पर रवि देवांगन अपनी बाइक से बसना रोड पलसापाली मोड की ओर लेकर गया था, तभी रवि देवांगन लघु शंका के बहाने रूका और गाड़ी की डिक्की से चटनी पीसने वाला सील के पत्थर से जान से मारने की नीयत से उसके पिता नंदलाल देवांगन के सिर पर 5-6 बार बार कर प्राण घातक हमला किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 109 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लया गया है।

### देशी मशाला और अंग्रेजी शराब जब्त

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने भलेसर रोड श्मशान घाट के आगे नहर किनारे से एक व्यक्ति के कब्जे से देशी मशाला और व्हिस्की अंग्रेजी शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर आरोपी राजू यादव पिता स्व भरत यादव (32 वर्ष) वार्ड न. 18 कुर्मीपारा महासमुंद के कब्जे से 25 नग पौवा देशी मशाला शराब एवं 08 पौवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब कुल कीमत 3460 व बिक्री रकम 250 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# गणेश चतुर्थी की तैयारी तेज, पंडालों के निर्माण कार्य में जुटीं समितियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचल में गणेश चतुर्थी को लेकर तैयारी तेज हो गई है। भगवान गणेश की प्रतिमाओं को अंतिम आकार देने में मूर्तिकार जुटे हुए हैं। दरअसल 27 अगस्त बुधवार को गणेश चतुर्थी पर मूर्तियों की स्थापना होनी है। नगर के गंजपारा, बाजार वार्ड, गुरुपारा वार्ड एवं नगर के अन्य जगहो में विभिन्न आकारों और अलग-अलग मुद्राओं में लंबोदर की प्रतिमाएं स्थापित करने की तैयारी में गणेश उत्सव समिति वाले जुटे हुए है।

इस बार नगर एवं ग्रामीण इलाको में बड़ी प्रतिमाएं आर्डर पर और मांग के आधार पर बनाई जा रही हैं। जबकि छोटी प्रतिमाएं एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर कुम्हार समाज के मूर्तिकार अपने आवासों पर ही तैयार कर रहे हैं। मूर्तिकार कुम्हारपारा निवासी राजेश चक्रधारी, भरत चक्रधारी ने बताया कि साल-दर-साल लगने वाले सामग्रियों की कीमतों में बढोत्तरी हो रही है। उन्होंने बताया कि उन्होंने भी 5 हजार से 50 हजार रुपए तक की प्रतिमाओं का निर्माण किया गया है जिसे अंतिम रुप देने की तैयारी में जुटे हुए है।

3 फीट से 12 फीट तक की प्रतिमाओं का आर्डर मिला हुआ है। यहां 12 से 15 फ़ीट ऊंची गणेश प्रतिमाओं के ऑर्डर बुक हैं। वहीं शहर से लगे गांव साराडीह के मूर्तिकार शंभू पुरैना ने बताया कि अभी तक 5 से 30 हजार तक की प्रतिमा का निर्माण आर्डर पर बनाया गया है जिसको अंतिम रुप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खील से लेकर फैंसी सामान, बांस, बत्ता लकड़ी सहित मिट्टी के दामों में वृद्धि हुई है। दस दिवसीय गणेश उत्सव के पर्व के दौरान ज्यादातर श्रद्धालु अपने घरों में छोटी प्रतिमाएं ही स्थापित करते हैं। इससे उनकी मांग और बिक्री अधिक रहती है। जबकि बड़ी प्रतिमाएं सिर्फ आर्डर पर तैयार होती हैं।



साराडीह में बन रही आकर्षक प्रतिमा

## कुम्हार दे रहे प्रतिमाओं को अंतिम रुप

### छोटी प्रतिमाओं की बिक्री अधिक

नगर में गणेश पर्व पर सार्वजनिक पंडाल कम स्थानों पर लगाए जाते हैं। नगर में जहां पंडाल लगाए भी जाते हैं, वो परंपरा का निर्वाहन करने प्रतीकात्मक ही होते हैं। कहीं-कहीं प्रतिष्ठानों और घरों में भी बड़ी प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं। दरअसल बड़ी प्रतिमाओं की स्थापना विधि विधान से होती है। पूजन भी विधान अनुसार होती है। इससे घरों में छोटी प्रतिमाएं श्रद्धालु स्थापित करते हैं। इससे छोटी प्रतिमाओं की ज्यादा बिक्री और मांग होती है।

### हाई स्कूल मैदान में होगी गणेश मूर्ति की बिक्री

हर वर्ष की भांति इस बार भी नगर के हाई स्कूल मैदान पर गणेश मूर्ति की बिक्री होगी। जिसको लेकर मूर्तिकार अपनी तय जगहों पर पंडाल निर्माण कार्य जुटे हुए है। यहां लोग घरों एवं सार्वजनिक पंडाल के लिए गणेश की मूर्ति खरीदने बुधवार को भारी संख्या में पहुंचेंगे।

**कार्रवाई : सूचना के बाद परिक्षेत्र अधिकारी दल-बल मौके पर पहुंचे**

# जंगल में अतिक्रमण रोकने उतरे अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

जिले के पिथौरा वनपरिक्षेत्रांतर्गत वन प्रबंधन समिति धरमपुर परिसर के माटीदरहा कक्ष क्रमांक 287 में अवैध अतिक्रमण की सूचना पर परिक्षेत्र अधिकारी पिथौरा दल-बल सहित मौके पर पहुंचे। उन्होंने जंगल का भ्रमण कर जांच की। बताया गया कि विवादित भूमि का मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, इसके बावजूद कुछ ग्रामीणों द्वारा पुनः अतिक्रमण किया जा रहा था।

मौका जांच में ग्रामीणों को समझाइश दी गई और उपस्थित पंचों के समक्ष अतिक्रमण नहीं करने का शपथ-पत्र लिया गया। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से जंगल को बचाने और अतिक्रमण रोकने का संकल्प लिया।जांच



कार्रवाई में प.स. सांकरा, प.स. बम्हनी, प.स. पूर्व पिथौरा सहित सल्डीही, बोईरडीह, भतकुंदा, जोगीदादर, बल्दीडीह और टिकरापारा के वनकर्मी एवं सुरक्षा चौकीदार बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### कार्रवाई में ये रहे मौजूद

कार्रवाई के दौरान सरपंच कंचनपुर गिरधर पटेल, वन प्रबंधन समिति धरमपुर के अध्यक्ष रामलाल भोई और ग्रामीणों की मौजूदगी में किशोर तांडी द्वारा कब्जा कर बनाई गई झोपड़ी को तोड़कर बेदखली की गई। वन विभाग की इस सख्त कार्रवाई और ग्रामीणों की भागीदारी से अतिक्रमण रोकने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाया गया है।

### निरस्त किए जाएंगे पट्टेः रेंजर

परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि कुछ कृषकों ने व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र से अधिक भूमि पर कब्जा किया है, जिन्हें समझाइश दी गई है। यदि कब्जा नहीं छोड़ा गया तो उनके पट्टे निरस्त किए जाएंगे।

# मां को पत्नी बनाना चाहता था बेटा मां ने ही उतार दिया मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अपनी मां को पत्नी बनाउंगा कहकर मारपीट करने वाले व्यक्ति की उसकी मां ने ही टंगिए से वार कर हत्या कर दी। मामला खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगरीपाली का है। खल्लारी थाने में मृतक के भाई की रिपोर्ट पर आरोपी महिला के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने डोंगरीपाली के राजेंद्र सोरी की रिपोर्ट के आधार पर बताया कि वह 23 अगस्त की शाम के समय अपने घर में मां रूखमणी, पत्नी आरती, छोटे भाई धनंजय के साथ था। उसी समय बड़ा भाई सूरज सोरी बाहर से आया और गाली गलौज कर उसकी मां रूखमणि सोरी को मारने-पीटने लगा, जिस पर प्रार्थी ने बीच बचाव किया। इस दौरान सूरज मेरी मां रूखमणी को पत्नी बनाउंगा कहकर गाली गलौज कर रहा था। इसी बीच उसकी मां रूखमणि ने आक्रोश एवं गुस्से में आकर घर में रखे टंगिए से बड़े भाई सूरज सोरी के सिर में तीन बार पीछे से व गर्दन में वार कर दिया। जिससे सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे महासमुंद ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही सूरज की मौत हो गई। खल्लारी पुलिस ने मामले में आरोपी महिला के विरूद्ध धारा 103(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### प्रधान पाठक के घर से चोरी

**महासमुंद।** ग्राम साल्हेतराई में प्रधान पाठक के घर से सोने-चांदी के जेवर, नगद और मोबाइल चोरी के मामले में बसना थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्राथमिक शाला साल्हेतराई स्कूल की प्रधान पाठक कामायनी पंडा ने बताया कि 22 अगस्त को दोपहर करीबन 3 बजे वह मां शांति पंडा के साथ घर में ताला लगाकर अपने खेत गयी थी। शाम करीबन 5 बजे खेत से वापस आने पर देखा कि गेट में लगा ताला सही सलामत लगा हुआ था, लेकिन के दोनो कमरों का दरवाजा और आलमारी खुली हुई थी, उसमें रखा सामान बिखरा पड़ा था। प्रार्थिया ने बताया कि आलमारी के लाकर से पुरानी इस्तेमाली सोने का लॉकेट 0.5 ग्राम, सोने की गोटी करीबन 0.5 ग्राम, सोने की नथनी करीबन 0.5 ग्राम, फुली 0.5 ग्राम कुल सोने का वजन 02 ग्राम कीमत करीबन 15000 रुपए, चांदी के पायल 02 नग करीबन 50 ग्राम, बच्चों का चांदी का कड़ा 05 नग 30 ग्राम, बिछिया 02 नग करीबन 10 ग्राम, कुल चांदी का वजन 90 ग्राम कीमत करीबन 9000 रुपए, नगद रकम 5000 रुपए एवं घर के हाल में रखा एक नग इस्तेमाली वीवो कंपनी मोबाईल कीमत करीबन 3000 रुपए कुल 32000 रुपए को चोरी कर लिया गया।



**खबर संक्षेप**

### शिक्षा मंत्री यादव का आगमन आज

**महासमुंद।** शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव 25 अगस्त को दोपहर 2 बजे नदी मोड घोड़ारी में यादव समाज द्वारा राजू यादव प्रदेश अध्यक्ष राजनीति प्रकोष्ठ, सोहन लाल यादव, जीवन लाल यादव महासमुंद अध्यक्ष, लीलाधर यादव भोरिंग परिक्षेत्र अध्यक्ष, दिलीप यादव जिला महामंत्री, सारिका यादव जिला प्रभारी महिला प्रकोष्ठ, कुमारी यादव जिला सह प्रभारी, सीता यादव जिला सह प्रभारी, प्रतिभा यादव जिला सह प्रभारी के नेतृत्व एवं पटेवा में प्रीतम यादव जिला अध्यक्ष यादव समाज, मनोज यादव जिला महासचिव, पति राम यादव सिरपुर क्षेत्र अध्यक्ष, परस यादव पटेवा क्षेत्र अध्यक्ष, चरन यादव खल्लारी अध्यक्ष एवं प्रमुख पदाधिकारियों के नेतृत्व में स्वागत किया जाएगा।

### आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए हुआ दूसरा टेस्ट

**महासमुंद।** नवकिरण अकादमी में आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में दूसरा टेस्ट का आयोजन किया गया। जारी विज्ञप्ति में डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में दूसरा टेस्ट पेपर आरक्षक भर्ती संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -02 हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ। इसमें भारत का इतिहास, भारत का भूगोल, भारत का संविधान, भारत की अर्थव्यवस्था, सामान्य विज्ञान, भारतीय दर्शन कला साहित्य, समसामयिक घटनाएं, पर्यावरण, कंप्यूटर, छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान बुद्धि क्षमता एवं विश्लेषण क्षमता, अंक गणित आदि के 100 प्रश्न पूछे गए थे। दूसरा टेस्ट पेपर में संस्था में अध्यनरत एवं संस्था के बाहर के पंजीकृत अभ्यर्थियों ने कुल 109 परीक्षार्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 04 टेस्ट सीरीज के क्रम तीसरा टेस्ट पेपर आरक्षक भर्ती संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -03 आगामी 31 अगस्त 2025, रविवार को आयोजित किया जाएगा।

## आयोजन : सांकरा में भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों का स्वागत

# विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने संगठन की मजबूती को बताया विकास की कुंजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारी, सांसद रूपकुमारी चौधरी, जगन्नाथ पाणिग्रही और चुन्नीलाल साहू के प्रथम आगमन पर सांकरा में भव्य स्वागत पुष्प वर्षा, ढोल नगाड़े, सांस्कृतिक नृत्य के साथ किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में नेताओं का गजमालाओं से अभिनंदन किया गया।

बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने विशेष रूप से सांसद रूपकुमारी चौधरी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कहा कि छत्तीसगढ़ की महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सांसद के रूप में वह पहले ही प्रभावशाली कार्य कर रही हैं, और अब प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में उन्हें नई जिम्मेदारी मिली है। डॉ. अग्रवाल ने विश्वास जताया कि वह इस पद को भी पूरी निष्ठा और दक्षता से निभाएंगी। विधायक डॉ. अग्रवाल ने सांसद रूपकुमारी चौधरी का प्रदेश उपाध्यक्ष बनना महिला



सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताया। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा संगठन में महिलाओं को नेतृत्व देने की परंपरा रही है, और यह नियुक्ति उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारी जगन्नाथ पाणिग्रही को प्रदेश उपाध्यक्ष और चुन्नीलाल साहू को प्रदेश प्रकोष्ठ सहसंयोजक बनने पर हर्ष जताया। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों से पार्टी संगठन को और मजबूती मिलेगी।

डॉ. अग्रवाल ने विश्वास जताया कि दोनों नेता अपने अनुभव और समर्पण से पार्टी को नई ऊँचाइयों पर ले जाएँगे। अपने समापन भाषण में डॉ. अग्रवाल ने कहा कि हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। संगठन की मजबूती ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। साथ ही कहा कि नवनियुक्त कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन से हमारा कार्य और भी सशक्त होगा। हम सब मिलकर बसना विधानसभा के विकास में अपना पूर्ण योगदान देंगे।

इस अवसर पर जनपद पंचायत पिथौरा अध्यक्ष उषा पुरषोत्तम धृतलहरे, सरपंच सांकरा सतपाल सिंह छाबड़ा, भाजपा मंडल अध्यक्ष हलधर साव, सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, युवा मोर्चा अध्यक्ष गोविंद साहू, जनपद सदस्य कवलजीत सिंह छाबड़ा, कोलता समाज के संभागीय महामंत्री एवं जनपद सदस्य माथामढ़ी बढ़ाई, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, भाजपा महामंत्रीद्वय मनोज बारिक झाड़ूराम परमार, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, सभी सहकारी सोसायटी अध्यक्ष सांकरा प्रहलाद पटेल सपोस, निरंजन यादव परसवानी, अकलश्याम चौधरी, रवि प्रधान, बाबूलाल साव, रोहित नायक आदि मौजूद रहे।

## भंवरपुर आगमन पर रूपकुमारी चौधरी का हुआ जोशीला स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

भाजपा प्रदेश संगठन में रुपकुमारी चौधरी सांसद महासमुंद लोकसभा को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने के बाद प्रथम भंवरपुर आगमन पर भाजपा मंडल द्वारा जोशीला स्वागत किया गया।

इस अवसर पर रुपकुमारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भंवरपुर अंचल से गहरा रिश्ता है। यहीं से मेरी शिक्षा दीक्षा हुई और यहीं से पली बढी। अंचल के विकास के लिए कटिबद्ध हूं। जिला पंचायत सभापति देवकी पुरुषोत्तम छत्तीसगढ़िया ने कहा कि प्रदेश का नेतृत्व करने का दायित्व मिला है, जो अंचल के लिए गरिमा और सौभाग्य की बात है। रूपकुमारी को संगठन संचालित करने का वर्षों पुरानी अनुभव भी है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डेविड चौधरी, कृष्णकुमार सिदार सरपंच, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष रुकमणि सुभाष पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष विद्याचरण चौधरी, फंदी अग्रवाल, शिव चौधरी, महामंत्री धर्मेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष भोज प्रधान, डा. सोमनाथ पटेल कोषाध्यक्ष, भरत पटेल उपाध्यक्ष, झनक पटेल अध्यक्ष साख सहकारी समिति, नरेश तिवारी, पूर्व ज.प. सदस्य ताराचंद साहू, वरिष्ठ युवा कार्यकर्ता प्रकाशसिंह सिदार, कौशल करसाल संतपाली, जितेंद्र पटेल एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# झलप में भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

सांसद रूपकुमारी चौधरी के भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जगन्नाथ पाणिग्रही के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने के पश्चात झलप प्रथम आगमन पर बस स्टैंड में भाजपा मण्डल के अध्यक्ष गोलू चंद्राकर के नेतृत्व में समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा नेता रूपलाल पटेल, मंडल महामंत्री राकेश साहू, कमल कौशिक, ललिता अग्रवाल, दिनेश्वर साहू, उपाध्यक्ष डोमन यादव, यमुना ठाकुर, कुलजीत सलूजा, मंडल मंत्री पोतदार सोनवानी, खेमराज



बघेल, शिव सिन्हा, शम्मी सलूजा, बली चौधरी, पुरन मार्कंडेय, भूपेंद्र चंद्राकर, निर्भय नायक, राजेंद्र चंद्राकर, ताराचंद पटेल, द्वारिका सेन, धनेश सिन्हा, मोरध्वज चंद्राकर, सुनील पटेल पटेवा, हनी गंभीर, सुनील निषाद, विकास अग्रवाल, बाबूलाल पटेल, जगमोहन ठाकुर, सतीश मार्कंडेय, भोजराम ध्रुव, देवेंद्र राय, विकास चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, गुमान बलराज, यादराम पटेल, कृपाराम ठाकुर, दुकाला साहू, हिरेंद्र जांगड़े, भुवन युगरे, अनिल ध्रुव, राधेश्याम पटेल, हरेंद्र जांगड़े, बाल कृष्ण श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



### भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष के बाद पहली बार भंवरपुर पहुंची रूपकुमारी

**भंवरपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश में हाल ही में हुए संगठनात्मक बदलाव के तहत रूपकुमारी चौधरी को प्रदेश उपाध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद चौधरी का भंवरपुर नगर में प्रथम आगमन पर भाजपा नेता जीतू वैष्णव ने हर्ष जताते हुए रूपकुमारी की इस उपलब्धि को संगठन और समाज के लिए एक सकारात्मक कदम बताया। रूपकुमारी चौधरी लंबे समय से भाजपा की सक्रिय ऊर्जावान नेत्री रही हैं। वर्तमान में अभी महासमुंद जिले की सांसद हैं, जो पूर्व में बसना विधानसभा की विधायक रह चूंकि हैं और अपने समर्पण, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक कार्यों के लिए जानी जाती हैं। उनकी यह नियुक्ति न केवल उनकी मेहनत और निष्ठा का सम्मान है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि भाजपा महिलाओं को नेतृत्व के महत्वपूर्ण पदों पर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। रूपकुमारी ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पार्टी के लिए अथक प्रयास किए हैं और विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं के बीच पार्टी की नीतियों को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जीतू वैष्णव ने कहा कि रूपकुमारी चौधरी की प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्ति भाजपा के लिए गर्व की बात है। उनका अनुभव, नेतृत्व और जनसेवा के प्रति समर्पण पार्टी को और मजबूत करेगा।

### विधायक प्रतिनिधियों को बांटी गई जिम्मेदारी

**महासमुंद।** अलग-अलग विभागों में बनाए गए विधायक प्रतिनिधियों को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बता दें कि जिला अस्पताल महासमुंद में अग्रज शर्मा को विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है। वहीं मंगेश टांकसाले को खनिज विभाग का विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है। इसी प्रकार हरजिंदर सिंह सलूजा को उप तहसील राजस्व झलप, संतोष राजू साहू को आबकारी विभाग एवं विनोद रात्रे को परिवहन विभाग का विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने सभी प्रतिनिधियों को बधाई दी और कहा कि सभी महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के विकास में अपनी सहभागिता निभाएंगे। आमजन की समस्याओं को दूर कर निराकरण करने का कार्य भी करेंगे। वहीं रविवार को विधायक प्रतिनिधियों ने कार्यालय पहुंचकर विधायक से मुलाकात भी की। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेतागण ललिता अग्रवाल, मुन्ना साहू उपस्थित थॉ।

### सिंघनपुर में सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ



**झलप।** ग्राम पंचायत सिंघनपुर में जनपद सदस्य तीजन गब्बर साहू ने जनपद मद से 2 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान जनपद सदस्य तिजन गब्बर साहु एवं ग्राम पंचायत उपसरपंच रामेश्वर गब्बर साहू, रुपसिंग निषाद, सुंदर कुर्रे, रति निषाद, महावीर साहू, हिरामन साहू, प्रेम यादव, पार्वती विश्वकर्मा, लीला बाई निषाद, मोहरदास डेगेराम साहू, लोचन साहू आदि मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव आज जिले के प्रवास पर

## बसना में आयोजित कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में होंगे शरीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेंद्र यादव 25 अगस्त को जिला महासमुंद के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह विभिन्न कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। यह जानकारी देते हुए राजू यादव प्रदेश अध्यक्ष राजनीति प्रकोष्ठ झेरिया यादव समाज ने बताया कि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव 25 अगस्त सोमवार को बसना में आयोजित होने वाले कृष्ण जन्माष्टमी में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। 3.15 को महासमुंद नदी चौक घोड़ारी ओवर ब्रिज पर राजू यादव सहित सामजिक लोग स्वागत करेंगे। 3.30 को कवि मनोज यादव के नेतृत्व में पटेवा में भव्य स्वागत किया जाएगा। 4.30 को बसना में होने वाले कृष्ण जन्माष्टमी



कार्यक्रम में शामिल होंगे। पश्चात बार नवापारा एवं पिथौरा में जन सामान्य द्वारा स्वागत व जलपान करेंगे। रात्रि विश्राम बारनवापारा में करेंगे। जिले के स्वागत कार्यक्रम में राजू यादव प्रदेश अध्यक्ष राजनीति प्रकोष्ठ, सहित सोहन लाल यादव, जीवन लाल यादव महासमुंद अध्यक्ष, लीलाधर यादव भोरिंग परिक्षेत्र अध्यक्ष, दिलीप यादव जिला महामंत्री, सारिका यादव जिला प्रभारी महिला प्रकोष्ठ, कुमारी यादव जिला सह प्रभारी, सीता यादव जिला सह प्रभारी, प्रतिभा यादव जिला सह प्रभारी के नेतृत्व में एवं पटेवा में प्रीतम यादव जिला अध्यक्ष यादव समाज, मनोज यादव जिला महासचिव, पति राम यादव सिरपुर क्षेत्र अध्यक्ष, परस यादव पटेवा क्षेत्र अध्यक्ष, चरन यादव खल्लारी अध्यक्ष शामिल रहेंगे।

## नमो नमो मोर्चा भारत के बागबाहरा ब्लॉक अध्यक्ष बने रामकुमार



### नमो नमो मोर्चा भारत के प्रदेश अध्यक्ष देवराज बघेल ने किया मोर्चा कार्यकारिणी का विस्तार

**महासमुंद।** नमो नमो मोर्चा भारत के प्रदेश अध्यक्ष देवराज बघेल (कैलाश) ने महासमुंद जिला सहित पूरे प्रदेश में मोर्चा कार्यकारिणी का विस्तार किया है। इसके तहत उन्होंने बागबाहरा ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी रामकुमार मोगरे को सौंपा है। बघेल ने आज उन्हें नियुक्ति पत्र देकर मोर्चा संगठन को मजबूत करने निष्ठा से कार्य करने की बात कही। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष देवराज बघेल ने ब्रह्मदेव आंवड़े को खल्लारी मंडल अध्यक्ष, किशन टंडन को कोमाखान मंडल अध्यक्ष, पवन ढीढी को नर्रा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, सतीराम नेताम को टेका टुहलु मंडल अध्यक्ष, जितेंद्र निषाद को ग्रामीण मंडल सिरपुर अध्यक्ष, चुन्नीलाल निषाद को तुमगांव मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। देवराज बघेल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश को विश्व गुरु बनाने की दिशा में अथक परिश्रम किया जा रहा है। श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए जनहित के योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाना हम सब का कर्तव्य है। सरकार के योजनाओं का समुचित लाभ जनता को मिले इसके लिए सभी पदाधिकारी निष्ठा से कार्य करें।

# भूपेश के जन्मदिन को भरोसा दिवस की दी संज्ञा : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के प्रथम निर्वाचित कांग्रेसी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जन्मदिन और तीजा पोरा खेल महोत्सव रायपुर के सुभाष स्टेडियम में मनाया गया। इसी प्रकार अंकित बागबाहरा ने बताया कि 2018 के बाद युवा छत्तीसगढ़ प्रदेश का नेतृत्व जिस दिन भूपेश बघेल को नेतृत्व मिला उसके बाद छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान को पहचान दिलाया, किसानों का सशक्तिकरण किया, गरीबों का वंचितों का राशन कार्ड बनवाया, बिजली बिल हॉफ योजना, आदिवासियों की जल जंगल जमीन की रक्षा, लघु वनोपज की खरीदी, स्वामी आत्मानंद के नाम पर में शिक्षा क्रांति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था व ग्रामीण सांस्कृतिक मजबूती हेतु रीपा और राजीव गांधी मितान न्याय योजना, धनवंतरी मेडिकल, राम वन गमन पथ को जीवंत किया।

अंतरराष्ट्रीय रामायण प्रतियोगिता आयोजित की और सबसे बड़ी बात मुख्यमंत्री निवास संपूर्ण तीज त्योहारों के लिए आम जन के लिए खोला गया। शासकीय कर्मचारियों के लिए अभूतपूर्व निर्णय और प्रमुख छत्तीसगढ़ी सामाजिक और त्योहारों के लिए अवकाश घोषित किया। इन जैसे अनगिनत कार्यों से उन्होंने प्रदेश की जनता का भरोसा जीता इस कारण उनके जन्मदिवस को अंकित ने भरोसा दिवस कहा। इस उपलक्ष्य में अंकित बागबाहरा ने उन्हें भारत के संविधान की पॉकेट संस्करण भेंट स्वरूप दिया।

अंकित ने कहा कि यह किताब केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत के मूल्यों, सिद्धांतों और लोकतांत्रिक ढांचे का प्रतीक भी है। संविधान के मूल सिद्धांतों, जैसे समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व, को समझे और उनका सम्मान करने का तरीका भी बताती है। साथ ही धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करना, ताकि सभी नागरिकों को समान अवसर और अधिकार मिलें और इस संविधानिक मूल्यों को जीवित रखने का काम इस प्रदेश में सिर्फ और सिर्फ भूपेश बघेल ही कर सकते हैं।



# शिशुपाल पर्वत को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग

**सरायपाली (ग्रामीण)।** तहसील क्षेत्र में स्थित शिशुपाल पर्वत का सौंदर्य बारिश के समय निखरने लगता है। इस पर्वत के सीने में न सिर्फ अतीत की गौरव छिपा हुआ है बल्कि इसकी रोम रोम में प्राकृतिक सौंदर्य का खजाना भी छुपा हुआ है। फुलझर राज्य के दो राजवंशों का अभेद्य किला रहा यह शिशुपाल पर्वत भैना राजवंशों की शरण स्थली रहा है। इस पर्वत की प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व के कारण ही शिशुपाल पर्वत को पर्यटन स्थल बनाए जाने की मांग समय-समय पर होती रही है। पिछले दिनों ग्राम रोहिना निवासी शुक्लध्वज सिंह टेकाम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दुर्गापाली प्रवास के दौरान एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की है।

शुक्लध्वज सिंह ने बताया कि फुलझर राज्य में गोंडवाना राजवंश की स्थापना इसी अभेद्य किला भेदने के बाद ही हो पाई थी। उन्होंने इस किले की तुलना महाभारत काल के चक्रव्यूह से की है। जिस तरह द्रोणाचार्य ने महाभारत के बारवें दिन पांडवों को परास्त करने के लिए चक्रव्यूह की रचना की थी और उस




चक्रव्यूह को भेदने की सामर्थ्य सिर्फ अर्जुन जैसे महारथी के पास ही थी। इस तरह इस किला को भेद पाना उतना ही कठिन था जितना महाभारत काल के चक्रव्यूह को। इस किले के पर चढ़ाई करने के लिए सिर्फ एक ही मार्ग है बाकी तरफ खड़ा कगार है, जहां से चढ़ना किसी भी सैनिक के लिए दुष्कर है। चढ़ने के लिए एकमात्र मार्ग पुजारीपाली की तरफ है जहां सैनिक घात लगाकर पहरा देते रहते थे दुश्मन प्रवेश तो कर भी ले है तो वह ऊपर अभिमन्यु की तरह घिरकर मारा जाता था। इसलिए यह किला आज भी पहेली बना हुआ है।

टेकाम ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कुरुक्षेत्र में एक चक्रव्यूह का भी निर्माण किये जाने की मांग की है उसकी ताकि लोग महाभारत काल से अपने आप को जोड़ पाए और उस चक्रव्यूह की रचना को साक्षात देख पाए।

# संकट टालने शनिदेव की विधि-विधान से की गई पूजा-अर्चना

**सरायपाली।** नगर सहित अंचल में शनिश्चरी अमावस्या शनिवार को श्रद्धाभाव से मनाई गई। सुबह 7 बजे से नगर के शनि मंदिरों में पूजा-पाठ शुरू हुई गई थी, जो कि दोपहर व रात तक जारी रही। इस दौरान नगर के बाजारपारा स्थित शनि मंदिर सहित अन्य शनि मंदिरों में श्रद्धालु शनिदेव की आराधना में लीन नजर आए। अमावस्या पर मंदिर में सुबह से लोगों का तांता लगा रहा। लोग अपने ऊपर आए संकट को टालने के लिए शनिदेव की विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। पंडित राजा शर्मा ने बताया कि भाद्रपद के विशेष संयोग के साथ आज श्रद्धा-भक्ति के साथ शनिश्चरी अमावस्या मनाई गई। इस मौके पर जिन लोगों के ऊपर शनि की साढ़ेसाती, देव्या, महादशा चल थी। या फिर जिनकी जन्मकुंडली में शनि वक्री अवस्था में है। उन्होंने शनिश्चरी अमावस्या पर शनिदेव की विषेश पूजा अर्चना की। इससे कष्ट का निवारण होंगे। शनि अमावस्या के दिन शनिदेव को तेल, काले उड़द, काले तिल, काला कपड़ा आदि चढ़ाया गया। तो वहीं अधिकांश लोगों ने पीपल के पेड़ में जल चढ़ाने पहुंचे। इसके अलावा पितरों की शांति के लिए घर पर पंडित द्वारा तर्पण कराकर ब्राह्मणों को भोजन कराया गया। अमावस्या तिथि पर गौ माता को हरा चारा खिलाने से पितरों का आशीर्वाद मिलता है।जिससे युवाओं ने केंदूढार स्थिति गौ शाला में हरा चारा गो माता को अर्पण किया गया।




## खबर संक्षेप



### पेंधनधारी कल्याण संघ की हुई बैठक

**बसना।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा बसना की मासिक बैठक 23 अगस्त को पेंशन भवन बसना में हुई। जिसमें अनेक विषयों पर विचार किया गया। व्यापक सदस्या अभियान चलाकर 60 पेंशनर को आजीवन सदस्यता ग्रहण कराया गया। गुरुदेव प्रधान एवं कमल लोचन प्रधान का जन्म दिन मनाया गया। नए सदस्य सहदेव कुमार एवं डोलामणी सामल का शॉल एवं फल से स्वागत किया गया। नीलांबर वांक 80 वर्ष एवं वीआर पुरोहित का 75 वर्ष पूर्ण करने पर स्वागत किया गया। आरवी प्रधान को प्रांतीय प्रचार सचिव नियुक्त किए जाने पर प्रांताध्यक्ष मनहर का आभार व्यक्त किया गया। पेंशन भवन का विधिवत उद्घाटन सितंबर माह में संपन्न करने का निर्यण लिया गया। अंत में स्व मोहन लाल पटेल को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में भारी संख्या में पेंशनर उपस्थित हुए।

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा को लेकर विकासखंड स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा यातायात नियमों के पालन के प्रति जनजागरूकता लाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन एवं गृह विभाग के सहयोग से राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर विकासखंड स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन एटीएल लैब, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आशीबाई गोलछा स्कूल में 23 अगस्त को किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नागेंद्र दुबे एएसआई, संपा बोस (एपीसी समग्र महासमुंद) जिला नोडल जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन तारिका कुंजाम (एबीईओ) बीपीओ विकासखंड साक्षरता मिशन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य जीआर सिन्हा ने की। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के कुल 52 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। निर्णायक मंडल में तुलेंद्र सागर, चंद्रशेखर मिथलेश एवं केशव साहू रहे। प्रतियोगिता में प्रथम पीएसश्री सेजस तुमगांव, द्वितीय शास. आशी बाई गोलछा उमावि, तृतीय शास. हायर सेकेंडरी स्कूल, भोरिंग, सांत्वना पुरस्कार हायर सेकेंडरी स्कूल बड़गांव, शामावि बेमचा एवं स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम उमावि महासमुंद रहे। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी ईश्वर चंद्राकर ने किया।

प्रभारी शिक्षक अश्वनी कुमार धीवर, ज्योति किरण चंद्राकर, कमलेश्वरी साहू, महेश ध्रुव, रेखा राजपूत एवं किरण पटेल बच्चों के साथ उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता विमल मन्नड़े, आशीष देवांगन, पवन साहू सीएसी, प्रधान आरक्षक कृपा राम साहू, आरक्षक राधेलाल चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी यातायात विभाग महासमुंद उपस्थिति रहे। वालेंटियर दुर्गेश साहू, गीतांजलि दीवान, कुसमी ओगरे एवं पार्थ साहू सहयोग रहा। इस प्रतियोगिता में चयनित दल आगामी जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एएसआई नागेंद्र कुमार दुबे ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा मित्रतापूर्ण व्यवहार का परिचय हमेशा देते है। कोई दुर्घटना हो जाती है तो निर्भीक होकर पुलिस को सूचना देना चाहिए। किसी भी प्रकार का भय मन में नहीं रखना चाहिए। साथ ही यातायात संबंधित समस्त नियमों की जानकारी सभी को होना चाहिए।

# केंद्रीय विद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत कला उत्सव प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



केंद्रीय विद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं कला उत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख प्राचार्य संजय कंसल ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य अमी रुफस रहीं। कार्यक्रम का आरम्भ कला की देवी माँ शारदा के पूजन और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

तत्पश्चात प्राचार्य संजय कंसल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया तथा पुष्पगुच्छ भेंटकर मुख्य अतिथिगण एवं निर्णायकों का अभिनंदन किया। स्वागत गीत एवं नृत्य की सुंदर प्रस्तुतियों ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया। रायपुर संभाग के अंतर्गत नौ विद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने कला के विविध क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने नृत्यकला, चित्रकला, नाटक, वाद्ययंत्र वादन, गायन, अभिनय के साथ पारंपरिक कहानी कथन आदि विधाओं में उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर दर्शकों की सराहना प्राप्त की। कार्यक्रम का मंच संचालन सीएलए प्रभारी जितेंद्र चंद्राकर तथा उनकी ऊर्जावान टीम के सदस्यों दशरथ राम यादव, गुलाब राम आवडे, ओपी चंद्राकर, डॉली चोपड़ा, अनीशा एवं दीक्षा ने किया। संपूर्ण आयोजन कला शिक्षक जीके निर्मलकर के नेतृत्व में और प्राचार्य संजय कंसल के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ शिक्षक एसके सिंह द्वारा आभार प्रदर्शन से किया गया।



### चर्म शिल्पकार बोर्ड आयोग अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**झलप।** छत्तीसगढ़ शासन चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड आयोग के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा का स्वागत अभिनंदन झलप मंडल चंद्रहास गोलू चंद्राकर के नेतृत्व में बस स्टैंड झलप में आतिशबाजी के साथ किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा मंडल महामंत्री व झलप सरपंच राकेश साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता शिव सिन्हा, मंडल मंत्री पोतदार सोनवानी, विधायक प्रतिनिधि बली चौधरी, भाजपा नेता संतोष पंडा, अनु. जाति मोर्चा उपाध्यक्ष झलप मंडल पूरन मार्कंडेय, शिव जगत, अवधराम साहू, मधुकांत शुक्ला, रविदास समाज जिला अध्यक्ष देवेंद्र रौतिया, भुवन युगरे, चेतन रौतिया, अजय सूर्यवंशी, धनजय युगरे, सुनाधर रौतिया आदि मौजूद रहे।



### गांवों में निकाली गई भोजली शोभायात्रा

**बिरकोनी।** ग्राम बड़गांव, अछरीडीह, नयापारा में भोजली पर्व धूमधाम से उत्साह के साथ मनाया गया। पोला पर्व पर शाम चार बजे भोजली गीत गाकर ग्राम के मुख्य मार्ग में शोभायात्रा निकाली गई। महिलाओं व बालिकाओं ने सुबह से ही भोजली माता के विदाई की तैयारी की थी। सुबह से शाम तक विदाई गीत जसगीत और गाजे बाजे के साथ भोजली गीत की धूम रही। महिलाएं, बालिकाओं ने नौ दिन माता के विशेष पूजा अर्चना व श्रृंगार कर भोजली माता के धान, गेहूं के पौधे को सिर पर लेकर परंपरा अनुसार विधिविधान से सामूहिक रूप से शोभायात्रा में हिस्सा लिया। बड़गांव में शीतला मंदिर व नयापारा में मां चंडी मंदिर और अछरीडीह से बजरंग बली मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। ग्रामीणों ने भोजली माता की पूजा अर्चना कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने भोजली को एक दूसरे के कान में खोंचकर बधाई दी। बालिकाओं ने व्रत रखकर भोजली गीत गाकर पूजा अर्चना की। विदाई के दौरान लोगों की भीड़ बनी रही। इस साल भोजली का पर्व नौ दिनों तक रहा। यह पर्व नई फसल की कामना के लिए गांव में हर साल मनाया जाता है। ग्रामीणों ने एक-दूसरे को भोजली के प्रतीक प्रचीन सभ्यता के मितान धर्म निभाने का संकल्प लिया।



## खबर संक्षेप



### मेमरा स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यम विद्यालय मेमरा में पूर्व सरपंच निर्मल यादव द्वारा तीजा-पोरा पर्व पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। स्कूल के 150 छात्रों को खीर, पूड़ी, केला, सेब परोसा गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सत्यप्रकाश साव, सांसद प्रतिनिधि फागुलाल पटेल, प्राथमिक शाला के अध्यक्ष प्रहलाद यादव, पंच उपेन्द्र यादव, शिक्षक स्टॉफ में प्राचार्य निर्मल डहरिया, आशीष सिंहा, आशीष दास, गिरजाशंकर पटेल, भुवनलाल कोसरिया, खिरोधर बरिहा, जोगी राम ध्रुव, तुलसी राम चौधरी, हेमंजलि पटेल, हेमलता पटेल, चांदनी पटेल, सुनीता ठाकुर आदि मौजूद रहे।



### 9 महतारी सदन 25 सौ वर्ग फुट में होगा निर्माण

**महासमुंद।** प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामायिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार महतारी सदन का निर्माण कार्य किया जाना है। राज्य में 166 महतारी सदन की स्वीकृति आदेश जारी किया गया है, इसके लिए 49 करोड़ 80 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की गई है। प्रति महतारी सदन की लागत राशि रुपये 30 लाख होगी। महासमुंद जिले में 9 महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा। जिसमें महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरकोनी व भोरिंग में, बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हारिया और खल्लारी में, बसना अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़फुलझर, सिंघनपुर और भंवरपुर तथा सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केंदुआ और तोषगांव में महतारी सदन का निर्माण होगा।

## निधन

### हीरामनी साहू



**महासमुंद।** स्थानीय गुडरूपारा निवासी हीरामनी साहू 36 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे बिहारीलाल साहू के बेटे व राकेश साहू के बड़े भाई थे।

# महिलाओं के अखंड सुहाग और सौभाग्य का प्रतीक है तीजा तिहार

## छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक पर्व को लेकर महिलाओं के लिए तीज मिलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पारंपरिक लोकपर्व तीजा पोरा की विरासत को समारोह का स्वरूप देने हर्षोल्लास से तीज मिनल समारोह मनाया गया। शहर के समीपस्थ ग्राम कोसरंगी स्थित निजी परिसर में चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा के संयोजन में भाजपा महिला मोर्चा और विभिन्न संगठनों, सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी महिलाएं इस आयोजन में शामिल हुईं।

महिलाओं के उत्साहवर्धन के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी समेत भाजपा के सभी प्रमुख नेता कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां महिलाओं के लिए आयोजित तीज मिलन समारोह में कार्यक्रम के संयोजक भाजपा नेता जितेंद्र साहू और भाजपा महिला नेत्री सुधा साहू, मीना वर्मा, उत्तरा प्रहरे, शुभ्रा मनीष शर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम में शामिल महिलाओं का उत्साह और मनोरंजक खेल की प्रतिभा का दृश्य काफी मनोरंजक रहा। समारोह में शामिल महिलाओं की खुशियां देखते ही बन रही थी। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि छत्तीसगढिया संस्कृति और परंपरा के अनुसार तीजा तिहार के समय महिलाएं ससुराल से अपने मायके में रहकर कठिन व्रत और विधिविधान से पूजा अर्चना कर अपने सुहाग और घर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए इस त्यौहार को मनाती है। मायके जाने के पूर्व सभी एक जगह पर मिलकर अपनी खुशियों और प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही है, जो काफी सुखद अनुभूति है। घर परिवार के जिम्मेदारियों के बीच अपने लिए समय निकालकर अपनी प्रतिभा और कला को दिखाना एक यादगार पल है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा पदाधिकारी सतपाल सिंघ पाली, हितेश चंद्राकर, महेंद्र जैन, सुजाता विश्वनाथन, प्रभा साहू, जनपद सदस्य निधि चंद्राकर, कल्पना सिन्हा, छाया चंद्राकर, उषा पाल, मधु यादव, हुसैना, भगवती करकसे, पार्षद सीता टोंडेकर, सुनैना ठाकुर, पीयूष साहू, गिरिजादास, चुनेश्वरी साहू, मैना, सारिका, मोहन साहू, पवन साहू, मुन्ना साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और नागरिकगण उपस्थित थे।



### महिलाएं बनी प्रतिभागी

तीज मिलन समारोह में महिलाओं के लिए कई मनोरंजक खेल फुगड़ी, बिंदी सजाओ, मटका फोड़ के साथ नृत्य गीत संगीत का आयोजन भी हुआ। जिसमें सभी महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम समापन पश्चात सभी ने प्रीतिभोज किया। महिलाओं ने तीज मिलन कार्यक्रम को लेकर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी सामंजस्य, मेलजोल, सहयोग और अपनत्व का भाव बढ़ता है और भविष्य में ऐसे आयोजनों में हम सभी एकजुटता से सहभागी बनते रहेंगे।

## प्रशिक्षण: इंस्पायर अवार्ड मानक स्कीम अंतर्गत शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

# विकासखंड से प्रतिभागी छात्रों के ऑनलाइन पंजीयन कराने के लिए प्रशिक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के निर्देशानुसार, विकास खंड शिक्षा अधिकारी वीके शुक्ला, विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक बीवी जोल्हे, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लोकेश्वर सिंह कंवर के मार्गदर्शन एवं विकासखंड प्रभारी नोडल अजय कुमार भोई एवं प्रेमचंद साव के नेतृत्व में शासकीय हाईस्कूल बड़े टेमरी में बसना विकासखंड स्तरीय सत्र 2025-26 इंस्पायर अवार्ड मानक स्कीम अंतर्गत प्रतिभागी विद्यार्थियों के ऑनलाइन पंजीयन कराने विज्ञान शिक्षक, व्याख्याता एवं इंस्पायर अवार्ड प्रभारी शिक्षक शिक्षिकाओं का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

इस अवसर पर प्रशिक्षण के लिए प्रभारी नोडल अजय कुमार भोई ने इंस्पायर अवार्ड मानक के उद्देश्यों को बताते हुए कहा कि इससे बच्चों में सर्वांगीण विकास, समस्याओं का पहचान कर समाधान करना, प्रोटोटाइप मॉडल तैयार करना, विज्ञान के विभिन्न तकनीकों के बारे में, विज्ञान मेला के आयोजन, इसरो के कार्य आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। आगे उन्होंने कहा कि इच्छाशक्ति होने से बच्चों में वैज्ञानिक चेतना व दृष्टिकोण विकसित कर विद्यालयों में शिक्षा का बेहतर वातावरण बना सकते हैं। विकासखंड प्रशिक्षण हेतु प्रभारी नोडल व जिला शैक्षिक एवं विज्ञान परिषद के सदस्य प्रेमचन्द साव ने इंस्पायर मानक स्कीम में छात्र-छात्राओं को पंजीयन करने के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि महासमुंद जिले के सभी विद्यालयों के कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के 3750 प्रतिभागियों का पंजीयन का निर्धारण किया गया है। इसमें बसना विकास खंड से 610 छात्र-छात्राओं का पंजीयन कराया जाना है। प्रत्येक विद्यालय द्वारा कक्षा छठवीं से बारहवीं तक पांच, कक्षा छठवीं से दसवीं तक तीन, कक्षा ग्यारहवीं से बारहवीं तक दो, इस तरह कुल पांच विद्यार्थियों का पंजीयन कराया जाना है। यदि ग्यारहवीं व बारहवीं से अच्छे आइडिया व इनोवेशन प्राप्त न हो कक्षा छठवीं से दसवीं तक भी पांच विद्यार्थियों के इनोवेशन, आइडिया का पंजीयन कराया जा सकता है। हाईस्कूल कक्षा छठवीं से दसवीं तक कुल पांच विद्यार्थियों तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा छठवीं से आठवीं तक कुल पांच विद्यार्थियों का पंजीयन कराया जा सकता है। शासकीय, अशासकीय अनुदान प्राप्त विद्यालय, निजी हिंदी व अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों के विद्यार्थियों का पंजीयन भी अनिवार्य रूप से कराया जाना है। आइडिया के पंजीयन के समय मार्गदर्शक शिक्षक ये ध्यान रखें कि जिस नाम से विद्यार्थी के आइडिया का पंजीयन किया जा रहा है। वही नाम उसके बैंक खाते में दर्ज हो, विद्यार्थी का आधार क्रमांक, बैंक का नाम, खाता क्रमांक एवं बैंक आईएफएससी कोड की प्रविष्टियों का मिलान सही एवं स्पष्ट रूप से करना चाहिए।

### शिक्षकों को प्रतिभागी विद्यार्थियों के ऑनलाइन पंजीयन करने के तरीकों को बताया गया

साव ने प्रशिक्षण में उपस्थित विभिन्न विद्यालयों से उपस्थित इंस्पायर अवार्ड प्रभारी शिक्षकों को प्रतिभागी विद्यार्थियों के ऑनलाइन पंजीयन करने के तरीकों को बताया गया। चयनित होने पर विद्यार्थियों को शासन की ओर से प्रोजेक्ट, आइडिया, इनोवेशन, मॉडल निर्माण करने के लिए प्रति छात्र 10000 रूपए प्रदान किए जाते हैं। इस अवसर पर टेमरी के शिक्षक कौशिक कुमार सामल ने कहा कि शिक्षा में नवाचार से छात्रों की प्रेरणा और जुड़ाव बढ़ता है। व्यावहारिक कौशल और आलोचनात्मक सोच विकसित होती है और उन्हें भविष्य के लिए तैयार किया जाता है। शासकीय हाई स्कूल बड़े टेमरी के प्राचार्य शरद प्रधान ने कहा कि प्राचीन समय में भारत के ऋषि-मुनियों ने विज्ञान और गणित के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसमें परमाणु सिद्धांत, शल्य चिकित्सा, गुरुत्वाकर्षण का नियम और ज्योतिष विज्ञान शामिल हैं। संकुल समन्वयक वारीश कुमार ने इस अवसर पर कहा कि बच्चों को अपने आसपास की सामान्य समस्याओं को देखने और उसके समाधान के लिए हमें प्रेरित करना चाहिए। प्रशिक्षण के आयोजन में बड़े टेमरी के संकुल समन्वयक वारिश कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस प्रशिक्षण में बसना विकासखंड के सैंकड़ों विज्ञान शिक्षक, व्याख्याता एवं इंस्पायर अवार्ड प्रभारी शिक्षक शामिल हुए।

# पीएससी निशुल्क कोचिंग में फिजिक्स और हिंदी विषय में हुआ मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन डॉ रीता पांडेय संयोजक के संयोजन में सत्र 2025 26 में पीएससी निशुल्क कोचिंग की कक्षाएं 23 अगस्त शनिवार को प्रारंभ हुई।

मनीराम धीवर सहायक प्राध्यापक भौतिकी ने विद्यार्थियों को मुख्य परीक्षा में भौतिक शास्त्र के किस प्रकार से प्रश्न आते हैं और उनका हल किस प्रकार किया जाना चाहिए उसके बारे में जानकारी प्रदान की और कहा कि विद्यार्थियों को प्रश्नों को भली भांति समझ कर प्रतियोगी परीक्षा में उत्तर देना चाहिए। डॉ सीमा रानी प्रधान सहायक प्राध्यापक हिंदी शासकीय राधाबाई गर्ल्स कॉलेज रायपुर ने विद्यार्थियों को हिंदी विषय की तैयारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि निबंध लेखन बहुत सजगता से करना चाहिए। वाक्य पूर्ण होने चाहिए। निबंध 50 अंक का होता है, जिससे आपका सलेक्शन प्रभावित होता है। निबंध को समय सापेक्ष लिखना चाहिए। विद्यार्थियों को निबंध लिखकर प्रेक्टिस करना चाहिए। डॉ रीता पांडेय ने कहा कि पीएससी निःशुल्क कोचिंग में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा के लिए मार्गदर्शन प्रत्येक शनिवार को 11:30 से 1:30 बजे तक दिया जाता है। सभागार स्थित पीएससी कक्ष में दिया जाता है। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए विद्यार्थियों को भी अवसर दिया जाता है कि वह अपनी तैयारी को मंच के माध्यम से अवगत कराएं। महाविद्यालय के सभी संकाय के विद्यार्थी यहां आकर अध्ययन कर सकते हैं। मृणाली चंद्राकर द्वारा छत्तीसगढ़ के इतिहास के पाठ्यक्रम को बताया गया। विद्यार्थी यशवंत ध्रुव द्वारा मंत्रिमंडल के विस्तार एवं मंत्रियों के प्रभार के बारे में जानकारी दी गई। पीएससी क्लास में ऋतिक, यशवंत, युवराज, योगेश, आकाश, प्रियंका, चांदनी, खुशबू, जिज्ञासा, देवनारायण आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## झेरिया यादव समाज बसना के कृष्ण जन्मोत्सव में शामिल होंगे मंत्री गजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



यादव समाज झेरिया बसना के लिए यह एक अत्यंत गौरवपूर्ण और खुशी का अवसर है कि समाज के गजेंद्र यादव जो हाल ही में छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षा मंत्री के रूप में नियुक्त हुए हैं, का आगमन कृष्ण जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आगमन हो रहा है। यह कार्यक्रम न केवल कृष्ण के जन्म की उल्लासपूर्ण अनुभूति देगा, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणादायक क्षण भी होगा। जहां हमारे अपने समाज के प्रतिनिधि को सम्मानित करने का अवसर मिलेगा। गजेंद्र यादव की शिक्षा, सामाजिक योगदान और नेतृत्व क्षमता ने समाज को एक नई दिशा दी है, और उनके इस महत्वपूर्ण पद पर पहुंचने से युवाओं को नई प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कृष्ण जन्मोत्सव के धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएँगी। झेरिया यादव समाज ने सभी समाजबंधुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाई सड़क





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत लखनपुर वार्ड क्रमांक 7 ठाकुरदिया के रास्ते में भारी कीचड़ होने पर सरपंच ख़ेमीन चोवा ध्रुव और उपसरपंच कमल कौशिक एवं अन्य पंचों द्वारा तत्काल निदान करते हुए रेत और खाली बोरी की व्यवस्था की गई। जिसमें मोहल्ला निवासियों ने श्रमदान कर अपने रास्ते पर कीचड़ को हटा कर खाली बोरी में रेत भर कर सड़क में जमा कर वैकल्पिक व्यवस्था की गई। इससे मोहल्लेवासियों को आवागमन में सुविधा होगी। इस कार्य में प्रमुख रूप से सरपंच ख़ेमीन चोवा ध्रुव, उपसरपंच कमल कौशिक, वार्ड पंच तारा हिरवानी, शिक्षक योगेश्वर साहू, गोलू निर्मलकर, वीर सिंह निषाद, भूपेंद्र पटेल, नीलकंठ हिरवानी, देवेंद्र साहू, पुनीत साहू नीलसाय, गोविंद धीवर, पोखराज, भुवन जोशी, भारत निर्मलकर उपस्थित थे।



## सेवा केंद्र में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विश्व बंधुत्व दिवस एवं आध्यात्मिक संस्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की भूतपूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि के 18वी पुण्यस्मृति दिवस पर स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस स्वैच्छिक रक्तदान अभियान में ब्रह्माकुमारी भाई बहनों और नगर वासियों से रक्तदान कर अनेक दुआओं से अपनी झोली भरी। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, बीके प्रीति दीदी, डॉ सचदेवा, राहुल आवडे, बलराम लालवानी, देवीचंद राठी, महेंद्र सिक्का, संदीप घोष, भाजपा नेता शरद मराठा, पतंजलि योग प्रशिक्षक तिलक साव आदि ने शिविर का शुभारंभ किया। बीके प्रीति ने बताया कि यह रक्तदान अभियान पूरे भारत और नेपाल में 22 से 25 अगस्त तक चलाया जा रहा है। रक्तदान करने के पश्चात सभी को फल जूस ईश्वरीय सौगात और सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

## 260 स्वयंसेवी अनुदेशकों को दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन, हेमंत रमेश नंदनवार सीईओ जिला पंचायत के दिशानिर्देश एवं कमल नारायण चंद्राकर जिला परियोजना अधिकारी के सलाह पर उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड साक्षरता मिशन प्राधिकरण महासमुंद द्वारा चिन्हांकित 2597 असाक्षरों के अनुपात में 260 स्वयंसेवी अनुदेशक का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह आयोजन विखं स्तर पर बीईओ लीलधर सिन्हा महासमुंद के सहयोग से बीपीओ व सहायक विखं शिक्षा अधिकारी तारिक कुंजाम और ब्लॉक नोडल ईश्वर चंद्राकर के निर्देशन पर विखं में छः जोन महासमुंद, तुमगांव, शेर, सिरपुर, पटेवा और तुरेंगा जोन में किया गया। प्रशिक्षण स्थलों में अवलोकन के लिए पहुंचकर बीपीओ एवं एबीईओ तारिका कुंजाम ने उल्लास नवभारत कार्यक्रम अंतर्गत अध्यापन कराने वाले 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को अपने 10 असाक्षर को नवसाक्षर बनाने पर 10 अंक बोनस अंक का प्रावधान और नियमित उल्लास केंद्र का संचालन संबंधित जानकारी दी। एबीईओ हीना ढालेन द्वारा साक्षरता के महत्त्व पर प्रकाश डाला। नोडल अधिकारी ईश्वर चंद्राकर ने उल्लास कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण में सभी जोन में स्वयंसेवी अनुदेशक का चिन्हांकन करते है। स्वयंसेवी अनुशासक को बीआरजी द्वारा उल्लास केंद्र में कैसे अध्यापन कार्य का संचालन करना है, इसके लिए प्रशिक्षित करते है। उल्लास केंद्र का नियमित संचालन करना और सभी आसाक्षरों को 200 घंटों का अध्यापन कार्य कराना अनिवार्य है। उल्लास केंद्र के लिए तैयार उल्लास प्रवेशिका का पाठ्यक्रम ऐसे तैयार किया गया है कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के 5 घटक बुनियादी साक्षरता करना है।

# तीजा पर्व के पूर्व महतारी वंदन तथा पेंशन योजना के लाभार्थियों को भुगतान करने की मांग

## पर्व के मौके पर राशि नहीं मिलने से हितग्राहियों में छाई है मायूसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगरीय निकाय सहित जिले के विभिन्न पेंशन हितग्राहियों तथा महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों को नियमित पेंशन राशि व महतारी वंदन की राशि नहीं मिलने से आर्थिक संकट का सामना करने विवश होना पड़ रहा है। हितग्राहियों को गत माह के पेंशन राशि नहीं मिलने के कारण आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं महतारी वंदन योजना के अनेक ऐसे हितग्राही हैं, जिन्हें नियमित भुगतान नहीं किया जा रहा। ऐन तीजा पर्व के मौके पर राशि नहीं आने से त्योहार का उत्साह पेंशनरों के लिए फीकी पड़ गई है।



उक्त समस्या को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने शासन से मांग की है कि हितग्राहियों के खाते में गत माह तथा चालू माह की पेंशन राशि तथा महतारी वंदन योजना की राशि तीजा पर्व के पूर्व शीघ्र भुगतान किया जाए। जिससे उन्हें राहत मिल सके। साहू ने बताया कि पालिका में पंजीकृत शहर के निराश्रित पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग पेंशन, परित्यकता पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत हितग्राहियों लगभग साढ़े 4 हजार लाभार्थियों को प्रतिमाह 500 रुपए मिलते हैं। जिससे वे अपनी जरूरतों को पूरा करते हैं। नियमित पेंशन नहीं मिलने से उन्हें छोटी छोटी चीजों के लिए जूझना पड़ रहा है। खाते में राशि आने की आस में हितग्राही बार-बार बैंकों के चक्कर भी लगा रहे हैं। बैंक से उन्हें निराश लौटना पड़ रह है। इसमें से कई लोग ऐसे हैं, जिनके लिए पेंशन ही गुजारे का माध्यम है। पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा कि प्रतिदिन पालिका दफ्तर में पेंशन की राशि नहीं आने की शिकायत लेकर बुजुर्ग जन उनके पास आते हैं। इस समस्या का समाधान शीघ्र करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शासन प्रशासन से मांग किया है, कि महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को तथा पेंशन योजना के लाभार्थियों को छूटे हुए समस्त किस्तों का पूर्ण भुगतान शीघ्र किया जाए।

